प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 10.08.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश के गुलवीर सिंह और अस्मिता डे समेत राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेताओं से की मुलाकात : कहा– आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी यह कामयाबी ।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में तिरंगा यात्रा का किया शुभारंभ : राज्य में 5 करोड़ घरों में तिरंगा लहराने का तय किया लक्ष्य।
3. प्रदेश के 762 नगरीय निकायों में संपत्ति कर के बकायेदारों के लिए एक मुश्त समाधान योजना लागू : ब्याज और सरचार्ज पर 100 प्रतिशत छूट, करदाताओं को तीन किस्तों में भुगतान की सुविधा।
4. सावन के दूसरे सोमवार पर प्रदेश भर के शिव मंदिरों में उमड़ रही है भक्तों की भीड़ : वाराणसी, बागपत, गाज़ियाबाद में कांवड़ियों पर की गई पुष्प वर्षा।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश के गुलवीर सिंह और अस्मिता डे समेत राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेताओं से कल नई दिल्ली में अपने आवास पर मुलाकात की। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री से राष्ट्रमंडल खेल के अनुभव साझा किए। श्री मोदी ने कहा कि सम्मान केवल पदक जीतने में नहीं बल्कि, एक युवा प्रतिभा के रूप में उत्कृष्ट खेल दिखाने में है।

*आपके इस अचीवमेंट को सिर्फ आपका अचीवमेंट मानता हूं ऐसा नहीं है। यह आपका विजय आने वाली पीढियों के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा बन जाता है। अगर आप लोग खेलो इंडिया की प्रतिष्ठा बढ़ाते हैं और प्रतिष्ठा सिर्फ वहां जाकर कर रिबिन काटने से नहीं होगी, आप वैसे ही खेलेंगे जैसे एक छोटा खिलाड़ी खेलता है। यह बहुत बड़ा कंट्रीब्यूशन करेगा, क्योंकि अभी तो हमें बहुत आगे जाना है।*

प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों को खेलो इंडिया की गरिमा बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उत्तर प्रदेश पुलिस में सब–इंस्पेक्टर पद पर कार्यरत अस्मिता डे से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री ने वाराणसी में खेल सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि देश मेडल तब प्राप्त करता है जब देश में स्पोर्ट्स कल्चर होता है।

*वाराणसी में खेल की तो प्रेक्टिस कर रही थी ना ? जी सर बहुत । कैसा बना है स्टेडियम सर अच्छा बना है। वहां पर मैं दस बारह दिन के लिए ट्रेनिंग करने गई थी। क्योंकि मैं मंदिर गई थी तो वहां पर ही ट्रेनिंग करके आई थी। और मैं वहां पर मतलब सेटल भी होना चाहती हूं क्योंकि मुझे काशी विश्वनाथ बहुत अच्छा लगता है सर। साईं ने भी सर बहुत सपोर्ट किया है मुझे। इसके कारण ही मैं यहां तक पहुंची हूं सर और मैं खेलो*

*इंडिया स्कीम में भी थी। स्पोट्र्स व्यवस्था एक बात लेकिन देश मेडल तब प्राप्त करता है जब देश में स्पोट्र्स कल्चर बनता है। दोस्तों आपने बहुत बड़ा काम किया है, देश का नाम रोशन किया है। आपको मैं बहुत बधाई देता हूं।*

भारत ने 23 जुलाई से दो अगस्त के बीच ग्लासगो में सम्पन्न राष्ट्रमंडल खेलों में 13 स्वर्ण, 17 रजत और 9 कांस्य पदक जीतकर चौथा स्थान हासिल किया है। पदक विजेताओं में उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत अस्मिता डे ने जूडो में स्वर्णपदक और गुलवीर सिंह ने एथलेटिक्स में रजत और कांस्य पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया है।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में आज गोरखपुर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ करने से पहले उन्होंने नगर निगम परिसर में स्थापित महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत का तिरंगा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की अमिट गाथा का नाम है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि सभी लोग अपने घर पर तिरंगा लगाएं और उसके साथ सेल्फी लेकर अपलोड करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने इस वर्ष 5 करोड़ घरों में तिरंगा लहराने का लक्ष्य तय किया है। यह कार्य राष्ट्र के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों के प्रति सम्मान का प्रतीक है।

*राष्ट्र के महापुरुष और राष्ट्र के क्रांतिकारी किसी भी युवा के लिए प्रेरणा होती है। यह जो तिरंगा है, यह तिरंगा भारत के क्रांतिकारी और भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान की अमिट गाथा का नाम है। उस अमिट गाथा की प्रेरणा है और इसीलिए प्रधानमंत्री जी ने हर युवा को गौरव की अनुभूति से जोड़ने के लिए हर घर तिरंगा को अनिवार्य किया है कि हर घर तिरंगा लगे और तिरंगा के प्रति जागरूकता के लिए तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है।*

वहीं जालौन, बलरामपुर, अयोध्या समेत कई अन्य ज़िलों में भी आज तिरंगा यात्रा निकाली गई। श्रावस्ती में राप्ती नदी में एसडीआरएफ और फ्लड पीएसी ने बोट से तिरंगा रैली निकाली।

उधर वाराणसी में हर घर तिरंगा अभियान में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ीं करीब 800 महिलाएं सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। ये महिलाएं करीब 3 लाख राष्ट्रीय ध्वज तैयार करने में जुटी हैं। अभियान के तहत वाराणसी की 694 ग्राम पंचायतों तक ये तिरंगे पहुंचाए जाएंगे।

————————

राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी 762 नगरीय निकायों में एक मुश्त समाधान योजना लागू करने का निर्णय लिया है। नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने बताया कि एक मुश्त समाधान योजना की अवधिचार माह निर्धारित की गई है और इसका क्रियान्वयन 15 अगस्त 2026 से 15 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा। सरकार ने ओटीएस के अंतर्गत बकाया संपत्ति कर के भुगतान के लिए अधिकतम तीन किस्तों की सुविधा भी प्रदान की है। करदाता को योजना लागू होने की तिथि से 30 दिन के भीतर कुल बकाये की एक–तिहाई धनराशि जमा

करनी होगी तथा शेष दो–तिहाई धनराशि अगले दो माह में दो मासिक किस्तों के माध्यम से जमा की जा सकेगी।

—————————

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

सावन के दूसरे सोमवार पर प्रदेश भर के शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ धाम में बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए पहुंचे कांवड़ियों और श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। बागपत में भी पुलिस टीम ने बरनावा कांवड़ मार्ग पर कांवड़ यात्रियों पर पुष्पवर्षा की। रामनगरी अयोध्या में भोर से ही श्रद्धालु सरयू में स्नान कर प्राचीन नागेश्वरनाथ मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं। भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात के व्यापक इंतजाम किए हैं। सर्कल ऑफिसर आशुतोष तिवारी ने बताया कि पूरे इलाके को अलग–अलग सेक्टर और ज़ोन में बांटा गया है और कांवड़ियों के आने–जाने वाले इलाके को नो–व्हीकल ज़ोन घोषित किया गया है।

*सावन के दूसरे सोमवार को विशेष कर भारी संख्या में जो है कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की भीड़ आई हुई है। उनकी सुरक्षा के लिए जो संपूर्ण क्षेत्र है नागेश्वर नाथ वगैरह पे सेक्टर और जोन वाइज ड्यूटीयां लगाई गई हैं। साथ ही सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन के माध्यम से सभी जगहों पे सतत निगरानी की जा रही है। साथ ही जो भी आपका कांवड़ियों का क्षेत्र है उसको नो व्हीकल जोन घोषित करके उसे हम लोग स्ट्रिक्टली इंप्लीमेंट करा रहे हैं।*

गाज़ियाबाद के दूधेश्वर नाथ मंदिर में भी सावन के दूसरे सोमवार को पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। सावन के सोमवार के मौके पर मंदिर में विशेष सजावट और पूजा–अर्चना की व्यवस्था की गई है। कांवड़ यात्रियों पर पुलिस प्रशासन और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने विभिन्न स्थलों पर पुष्पवर्षा भी की। गाज़ियाबाद के ज़िलाधिकारी रविन्द्र कुमार मानदंड ने बताया कि कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर और आसपास के इलाके में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

*ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी रखी जा रही है। सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल हैं। पीए सिस्टम के माध्यम से लोगों को भी लगातार सूचित किया जा रहा है और हमारे जितने ऐसे क्रिटिकल पॉइंट हैं जहां पर को इन साइडिंग होती है वहां पर पुलिस का और सिविल डिफेंस का डिप्लॉयमेंट हम लोगों ने किया है। अलग–अलग कांवड़ शिविर हैं 300 से ऊपर जो लगातार भोजन, पानी और विश्राम की व्यवस्था कर रहे हैं। 26 से ऊपर चिकित्सा शिविर हैं*

*जो चिकित्सा सहायता हमारे कांवड़ श्रद्धालुओं को उपलब्ध करा रहे हैं और 4000 से ऊपर पुलिसकर्मी हैं जो इस पूरी व्यवस्था में लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन रहे उसके लिए लगातार प्रयास रहते हैं।*

——————

उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से कक्षा नौवीं और दसवीं के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत वर्ष 2026– 27 के लिए आवेदन प्रक्रिया कल से शुरू होगी। छात्र 25 अगस्त 2026 तक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकेंगे, जबकि वर्ष 2026–27 सत्र के नए छात्र 11 अगस्त से 21 सितंबर 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। छात्रों से समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की गई है।

——————

राजधानी लखनऊ समेत कई जनपदों में आज हुई बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं पहाड़ों पर हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण बदायूं और फर्रुखाबाद में गंगा, लखीमपुर खीरी और बाराबंकी में शारदा और अयोध्या व बलिया में घाघरा नदी का जलस्तर खतरे के निशान के पास पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में राज्य में कहीं–कहीं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान जताया है। विभाग के मुताबिक अगले 3 दिनों के दौरान तापमान में हल्की बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

(समाप्त)